590
24/9/12

खण्ड : 2 संख्या : 24, 25, 26

# दशम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(द्वितीय सत्र)

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

बुधवार, दिनांक : 1 अगस्त 1990 ई०
मंगलवार, दिनांक : 7 अगस्त 1990 ई०
बुधवार, दिनांक : 8 अगस्त 1990 ई०

पक्कीकरण कराने तथा तांती डूबा नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है हाँ तो कबतक और नहीं तो क्यों?

मी० पथ का निर्माण हो चुका है। शेष 3 कि० मी० की स्वीकृति नहीं रहने के कारण निर्माण नहीं किया जा सका है। पुल की स्वीकृति नहीं है। तत्काल निधि के कमी के कारण इस पुल का शेष भाग के अंश की स्वीकृति देना संभव नहीं है।

---

## "प्राचार्य का पदस्थापन"

**2862. श्री राम कुमार यादव :** क्या मंत्री उद्योग विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

**श्री वृषिण पटेल :**

(1) क्या यह बात सही है कि मधुवनी जिलान्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, घोघरडीहा में विगत एक वर्ष से प्राचार्य का पद रिक्त रहने के कारण छात्रों का अध्ययन ठीक ढंग से नहीं चल रहा है।

(1) वस्तुस्थिति यह है कि प्राचार्य का पद रिक्त होने की स्थिति में श्री विजय कुमार, प्रशिक्षण संस्थान, दरभंगा अपने कार्यों के अतिरिक्त प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, दरभंगा अपने कार्यों के अतिरिक्त प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, घोघरडीहा का भी कार्य देख रहे थे।

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रशिक्षण संस्थान में विगत् 5 वर्षों से जेनरेटर नहीं है, जिससे बिजली लाईन गुम रहने से प्रशिक्षण का सारा कार्य ठप पड़ जाता है।

(2) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सुबह सात बजे से संध्या पाँच बजे तक छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाता है, बिजली नहीं रहने से सैद्धांतिक प्रशिक्षण कार्य ठप नहीं होता है, किन्तु कुछ-कुछ व्यवसायों में व्यवहारिक प्रशिक्षण देने में कठिनाई होती है।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त प्रशिक्षण संस्थान में प्राचार्य को पदस्थापित करने के साथ ही जेनरेटर लगाने की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

(3) प्राचार्य के 9 रिक्त पदों के लिए बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन निकाला जा चुका है। चयनित उम्मीदवार का नाम प्राप्त होते ही प्राचार्य के पद पर पदस्थापन किया जायगा। निधि के अभाव में तत्काल जेनरेटर क्रय करना संभव नहीं है।

---

**"मशीन उपलब्ध कराना"**

**2864. श्री राजो सिंह :** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे–

**श्री जगदानन्द सिंह :**

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत शेखपुरा प्रखंड में नये एवं

(1) यह सही है कि मुंगेर प्रमंडल में दो पुराने डायरेक्ट रोटरी रींग मशीन उपलब्ध है,